हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025

07 समर्पण, मेहनत और सही मार्गदर्शन मिलने से पा...



08 कॉलेज के विद्यार्थी ले रहे तकनीकी शिक्षा और स्किल...





## खबर संक्षेप

### डॉ. राहुल मारोथिया बेस्ट क्लीनिकल अवार्ड से सम्मानित

**विदिशा।** जिला चिकित्सालय विदिशा में पदस्थ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ राहुल मारोथिया को मध्य प्रदेश के सिंगरौली में आयोजित नेशनल कांफ्रेंस "ऊर्जांचल फिजियोकॉन" में बेस्ट क्लीनिकल अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह आयोजन देश के समस्त सीनियर एवं जूनियर फिजियोथैरेपिस्ट की नेशनल कांफ्रेंस थी इसमें स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल सहित संबंधित जिले के विधायक उपस्थित थे।

### सहायता प्राप्त कने वालों की सूची चस्पा करो

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कलेक्ट्रेट की विशेष शाखा के कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिन हितग्राहियों को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान राशि स्वीकृति के आदेश प्राप्त होते हैं वह जानकारी अधीक्षक कार्यालय की दीवार पर प्रदर्शित करने की व्यवस्था क्रियान्वयन की जाए। जिसमें बैंक व यूआईडी नंबर भी अंकित किये जाएं। शाखा प्रभारी ने अवगत कराया कि हर माह करीबन सौ से दो सौ स्वीकृतियां प्राप्त हो जाती हैं।

### 10 मई को होने वाली लोक अदालत की तैयारियों की बैठक हुई

**विदिशा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय के सभागार कक्ष में 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक हुई। बैठक का आयोजन नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी जिला न्यायाधीश कंचन सक्सेना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीतेन्द्र सिंह तोमर एवं अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### छुलेटा गांव में सामूहिक श्रमदान किया गया

**विदिशा।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में ग्राम छुलेटा में जल संवर्धन अभियान अंतर्गत सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया। श्रमदान के अंतर्गत ग्राम के पास स्थित बावड़ी की साफ-सफाई की गई। साथ ही सभी ग्राम वासियों व सदस्यों के साथ शपथ का आयोजन कर जल संरक्षण का महत्व बताया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख अमित शर्मा ने बताया कि जल ही जीवन है, और वर्षा जल का संरक्षण भविष्य की जरूरत है। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की इच्छा जताई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि हम जल बचाएंगे, जीवन बचाएंगे।

### परिवार विकास पखवाड़ा 25 अप्रैल तक चलेगा

**विदिशा।** मिशन परिवार विकास पखवाड़ा 11 से 25 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। गुरुवार को जन जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुनीत माहेश्वरी, जिला कार्यक्रम प्रबंध आशुतोष घुटे द्वारा मिशन परिवार विकास पखवाड़ा के महत्व व उद्देश्यों को बताया। जन जागरूकता कार्यक्रम में अवगत कराया गया कि परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों को लक्ष्य दंपतियों को उनकी सुविधाओं के अनुसार समझाते हुए उपयोग हेतु प्रेरित किया जाए। ताकि लोग सही उम्र में अपने बच्चों की शादी करें। शादी के बाद एवं बच्चों के बीच में अंतर के बारे में बताया गया। दो बच्चों के बाद परिवार को सीमित रखा जा सके। जनसंख्या वृद्धि दर को रोका जा सके। छोटे परिवार होने से बच्चों के पालन पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान पर कम खर्च होने से परिवार विकास की ओर अग्रसर होता है।

---

### पंजीयन कराने के बाद स्लाट बुक नहीं वाले बड़े किसानों पर रहेगी नजर

# 3 लाख 22508 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा

# कलेक्टर बोले: न हो ऑफलाइन खरीदी

■ अधिकारियों ने कलेक्टर को दी खरीदी के बारे में जानकारी

**बारदानों की उपलब्धता व बुनियादी सुविधाओं के संबंध में पूछताछ की**



**विदिशा।** कलेक्ट्रेट चेंबर में बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में समर्थन मूल्य पर जारी खरीदी कार्यों की कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया है कि जिले के किसी भी केंद्र पर आफलाइन खरीदी कार्य न हो। यदि निरीक्षण में कहीं पाया गया तो समिति तथा वेयर हाउस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर गुप्ता ने कहा जिन जिला अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे सभी अधिकारी भ्रमण अवश्य करें और निरीक्षण भ्रमण के फोटोग्राफ्स तथा अपडेट जानकारी ग्रुप में शेयर करेंगे। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि किसानों से फसल खरीदी के बाद समय पर भुगतान हो इस कार्य में किसी भी तरह से विलंबता न हो का पूरा ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर गेहूं उपार्जन के संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि जिले में गेहूं विक्रय के लिए 80 हजार 691 है। अब तक 54500 के द्वारा स्लाट बुक कराया गया है। 31323 किसानों के द्वारा 3 लाख 22 हजार 508 मीट्रिक टन गेहूं का समर्थन मूल्य पर विक्रय किया जा चुका है। परिवहन 3 लाख 13 हजार 329 मीट्रिक टन किया जा चुका है। वहीं 26252 किसानों के लिए भुगतान के लिए 647.12 करोड़ के ईपीओ जारी हुए 18 हजार 215 किसानों को 398.57 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया है। कलेक्टर गुप्ता ने समीक्षा बैठक में कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर अनावश्यक रूप से अनाज का भण्डारण ना हो समय पर परिवाहन कर नियत वेयर हाउस में रखवाने की व्यवस्था प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा यदि किसी समिति में बारिश और परिवहन के कारण उपार्जित अनाज खराब होता है तो संबंधित समिति और परिवहन एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### नजर रखें

कलेक्टर ने कहा कि जिले के ऐसे सभी किसान जिनके द्वारा पंजीयन कराने के बाद स्लाट बुक नहीं कराया कराया गया है ऐसे सभी बड़े काश्तकारों पर नजर रखी जाए। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देशित किया है कि मंडी में विक्रय करने वाले किसानों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

#### सर्वेयरों के मापदंड

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्देशित किया है कि हरेक उपार्जन केन्द्र पर नियुक्त सर्वेयरों के नाम और उनके द्वारा परीक्षण के निर्धारित मापदंडों की जानकारी उपार्जन केन्द्रों के बाहर चस्पा कराई जाएं। समीक्षा बैठक में उपार्जन केन्द्रों पर बारदानों की उपलब्धता और बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति के संबंध में भी पूछताछ की गई है। कलेक्टर चेम्बर में हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय, उप संचालक केएस खपेड़ियां आदि मौजूद रहे।

---

## नशे में बारात रोकी, दोनों पक्षों में चले लट्ठ, 10 से ज्यादा घायल

### धोखेड़ा पिपरिया में शादी समारोह के दौरान हुआ विवाद कुशवाह और मालवीय समाज के लोग आपस में भिड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़

हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धोखेड़ा पिपरिया में एक शादी समारोह के दौरान देर रात पुरानी रंजिश पर दो पक्षों के बीच लठ चल गए।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। झगड़े में 10 से अधिक लोग घायल हुए हैं। एक बाराती की गाड़ी के कांच भी फोड़े गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। थाने में दोनों पक्षों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस की सक्रियता से बड़ा झगड़ा होने से बच गया। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है। एहतियात के तौर पर हैदरगढ़ पुलिस ने गांव में पहुंचकर जांच शुरू कर दी गई है।

#### पुलिस की निगरानी में शादी करवाई गई

हैदरगढ़ थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि पिपरिया गांव में शादी समारोह के दौरान विवाद हो गया था। विधिवत सम्मत कार्रवाई की जाएगी। गांव के ही कुशवाह समाज के एक अपराध प्रवृति के व्यक्ति ने बारात को रोक दिया था जिस पर से विवाद शुरू हुआ। वह पहले भी गांव में विवाद करता रहा है।

घटना के बाद एसडीओपी मनोज मिश्रा, थाना त्योंदा, पठारी, ग्यारसपुर, हैदरगढ़ चारों जगह की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की गिनरानी में शादी कराकर बारात को सुरक्षित पहुंचा दिया है।

---

## बरवाई खिरका गांव में बिजली गुल ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी



**हैदरगढ़।** बिजल आपूर्ति के लिए प्रदर्शन करते हुए खिरका गांव के ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़

आदिवासी बाहुल्य गांव बरवाई पंचायत के खिरका में तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। पूरा गांव अंधेरे में डूबा है। परेशान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगा दिए। जल्द बिजली बहाल नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दे डाली।

गांव में स्थित एक गौशाला में भी 150 से अधिक पशु रखे गए हैं, जो पानी के लिए तरस रहे हैं। बिजली बंद होने से पानी की आपूर्ति भी ठप पड़ी है, जिससे पशुओं की हालत गंभीर हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत कर चुके। बिजली कंपनी ध्यान नहीं दे रही। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

#### कंपनी ने ही नहीं दिए बिल, तो कहां से भरते

प्रदर्शनकर्ता नीरज, माखन, पप्पू, प्रेम सिंह, शैतान, सोनू, रामदयाल, प्रकाश, नंदकिशोर, तुलसीराम, अशोक रामचरण, विनोद ने बताया कि 16 साल पहले जहां ट्रांसफॉर्म रखा गया था आज तक बिजली कंपनी द्वारा न रीडिंग ली गई न बिल दिए और अचानक से बिजली काट दी। ग्यारसपुर के जेई प्रफुल्ल सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बिजली बिल जमा न होने के कारण वहां की बिजली काटी गई है।

---

### पीतलमिल से कोतवाली तक अतिक्रमण हटाया 10 दिन चलेगा अभियान

**विदिशा।** नगरपालिका ने शहर में अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू की है। इस अभियान के तहत पीतल मिल चौराहे से कोतवाली थाना तक मुख्य मार्ग पर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण दल प्रभारी विजय राव बाघमरे के अनुसार कार्रवाई तीन चरणों में होगी। पहले चरण में व्यापारियों को चेतावनी दी जाएगी। दूसरे चरण में चालान काटा जाएगा। तीसरे चरण में सामान जब्त किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान नपा टीम ने सड़क पर फैलाए गए सामान को जब्त किया और कई दुकानदारों पर 200 रुपए तक का जुर्माना भी लगाया। अचानक हुई कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई व्यापारियों ने स्वयं ही सड़क पर रखा सामान समेट लिया, जबकि ठेले वाले नगर पालिका की टीम को देखकर मौके से हटते नजर आए। यह अभियान 10 दिन तक चलेगा।

### वार्डबॉय पर हमला करने वाला अब तक फरार

**विदिशा।** जिला अस्पताल में कार्यरत आउटसोर्स वार्ड बॉय रघुवीर सिंह रघुवंशी पर पांच दिन पहले हुए जानलेवा हमले के मामले में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। घटना 12 अप्रैल की रात मेडिकल कॉलेज के पीछे बाली रोड पर हुई थी, जहां अज्ञात हमलावरों ने रघुवीर पर तलवार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश मालवीय के नेतृत्व में कर्मचारियों ने बुधवार को एसपी रोहित काशवानी से मुलाकात की और हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। कई दिन बीतने के बावजूद हमलावर खुलेआम घूम रहे हैं।

---

## डायल 100 ने युवक की जान बचाई, दो कर्मचारी सम्मानित, 5 साल के मासूम को मां से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

थाना शमशाबाद क्षेत्र के पीलूखेड़ी गांव में बुधवार को एक युवक ने जहर खा लिया था। हालत बिगड़ने लगी। पड़ोसी ने डायल-100 पर कॉल कर मदद मांगी।

सूचना मिलते ही शमशाबाद क्षेत्र में तैनात डायल-100 एफआरवी मौके के लिए रवाना हुई। वाहन में आरक्षक सिकदार डावर और पायलट महेश तैनात थे। दोनों ने तुरंत गांव पहुंचकर युवक की हालत देखी। स्थिति गंभीर थी। बिना देर किए युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद पहुंचाया गया। समय पर इलाज मिलने से युवक की जान बच गई। डायल-100 टीम की तत्परता और मानवीय संवेदना की ग्रामीणों और परिजनों ने सराहना की। 17 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने पुलिस कंट्रोल रूम में आरक्षक सिकदार डावर और पायलट महेश को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने दोनों को कर्तव्यनिष्ठ और प्रेरणास्त्रोत बताया। इस मौके पर निरीक्षक नितिन काकोड़िया और कंट्रोल रूम स्टाफ अभिमन्यु सिंह भी मौजूद रहे।

#### खंदा गांव में भटकता मिला था मासूम

ग्यारसपुर के ग्राम खंदा में बुधवार सुबह एक पांच साल का बच्चा अकेला भटकता मिला। सुबह 9:16 बजे भोपाल स्थित राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 को सूचना मिली। जानकारी मिलते ही ग्यारसपुर क्षेत्र में तैनात डायल-100 एफआरवी को मौके पर रवाना किया गया। सैनिक संतोष मिश्रा और पायलट लक्ष्मीनारायण यादव 10 मिनट में मौके पर पहुंचे। बच्चे को सुरक्षित अभिरक्षा में लिया। इसके बाद टीम ने आसपास के इलाकों में परिजनों की तलाश शुरू की। कुछ देर बाद बच्चे की मां की पहचान हो गई। सत्यापन के बाद बच्चे को मां के सुपुर्द कर दिया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए एसपी रोहित काशवानी ने कंट्रोल रूम में सैनिक संतोष मिश्रा और पायलट लक्ष्मीनारायण यादव को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

### गांव गांव में धर्म की ध्वजा लेकर पहुंच रही ज्योति कलश यात्रा

**ग्यारसपुर।** हैदरगढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार एवं युग निर्माण योजना द्वारा कलश यात्रा निकाली जा रही है। शांतिकुंज हरिद्वार में पंडित आचार्य श्रीराम शर्मा के हाथों प्रज्वलित अखंड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने एवं माता भगवती शर्मा तथा पंडित श्रीराम शर्मा के आध्यात्मिक जीवन का शताब्दी वर्ष होने पर शान्तिकुंज हरिद्वार से देशभर में यात्रा निकाली जा रही। ज्योति कलश यात्रा का उद्देश्य लोगों को आत्मनिर्माण से राष्ट्र निर्माण की ओर ले जाना है। गांव गांव में पहुंचकर हवन यज्ञ सायं कालीन दीपयज्ञ आदि के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। ज्योति कलश की अखंड जप साधना व नियमित आरती का कार्यक्रम चल रहा है।

---

## बीएमओ ने खड़े किए हाथ अब तहसीलदार करेंगे प्रसूता से पैसे मांगने के मामले की जांच

फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शमशाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी के नाम पर प्रसूता के परिजनों से 1500 की रिश्वत मांगने के मामले में शमशाबाद एडीएम अजय पटेल ने अब जांच तहसीलदार को सौंप दी है।

एसडीएम ने बीएमओ नीतू सिंह राय को जांच के आदेश दिए थे। बीएमओ द्वारा तीन सदस्यीय जांच दल भी बनाया गया। लेकिन बाद में उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। अपनी अधिनस्थ नर्स को बचाने के चक्कर में कही उन पर ही गाज न गिर जाए। इसलिए उन्होंने मामले से किनारा कर लिया और एसडीएम से कहा गया कि इस मामले में आप ही जांच कराएं। एसडीएम ने शमशाबाद तहसीलदार दीपक द्विवेदी को जांच का जिम्मा सौंपा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तहसीलदार नर्स के बयान दर्ज किए हैं। अब आगे की जांच की जाएगी।

### न्यायाधीशगणों ने किया जेल का निरीक्षण

**विदिशा।** गुरुवार को जिला जेल में मासिक निरीक्षण एवं शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामाकांत भारके द्वारा रसोई घर में उपयोग सामग्री का जायजा लिया। उन्होंने सामग्री की गुणवत्ता को उत्तम रखने निर्देश दिए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितेन्द्र सिंह तोमर द्वारा जिला जेल रसोई में बने भोजन को चखकर भी देखा। निरीक्षण में पाया गया कि दो बंदियों जिन्हें उच्च न्यायालय से सजा हो गई थी एवं सर्वोच्च न्यायालय में अपील की जानी थी, जिसकी सूचना मप्र विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर को प्रेषित की गई। जेएमएफसी विदिशा शिवांगी सिंह द्वारा बंदियों को उनके मानव अधिकारों के बारे में बताया गया।

---

## नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध प्रशासन सख्त पांच किसानों पर 8 हजार का अर्थदंड लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शमशाबाद में नरवाई जलाने वालों पांच किसानों पर अर्थदंड लगाने की कार्रवाई की गई है। पांच किसानों पर 8 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

नवागत कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने नरवाई जलाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को पांच किसानों के विरुद्ध अभियान चलाकर अर्थदंड अधिरोपित किया गया। सभी किसानों से 8000 रुपए का अर्थ दंड वसूल करके शासन के खाते में जमा कराया गया है।

#### एसडीएम के आदेश पर इन किसानों पर कार्रवाई

शमशाबाद एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल ने बताया की जिन पांच किसानों के विरुद्ध अर्थ दंड अधिरोपित किया गया है उनमें ठाकुर सिंह पुत्र बुंदेल सिंह राजपूत, बरखेड़ा जागीर दलपत सिंह पुत्र बुंदेल सिंह राजपूत, मोतीपुर, राजेंद्र सिंह पुत्र बुंदेल सिंह राजपूत, मोतीपुर, दीपक पुत्र रामचरण धाकड़, बमोरी, जितेंद्र पुत्र राम सिंह, बमोरी, शामिल हैं।



शमशाबाद एसडीएम ने बताया कि जिले में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर कृषि से संबंधित मैदानी अधिकारियों एवं राजस्व विभाग के पटवारियों द्वारा पंचायत सचिवों के साथ समन्वय कर किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों से भी अवगत कराया जा रहा है।

---

### इंटेक भोपाल एनजीओ ने स्मारकों का अवलोकन किया

# पठारी के स्मारकों की सुध ली, होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पुरा संपदा, स्मारकों और ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण करने वाले इंटेक भोपाल एनजीओ ने पठारी के स्मारकों का अवलोकन किया। विजिट करने वाले दल का पठारी क्षेत्र के स्मारकों ने मन मोह लिया। जिन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष स्मारकों के संरक्षण के लिए मेजर प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया।

सरपंच प्रतिनिधि इंजीनियर अखिलेश पंथी के अथक प्रयासों से पुरातत्व एवं पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्धार के क्षेत्र में कार्य करने वाले इंटेक भोपाल एनजीओ के तीन सदस्य दल ने पठारी क्षेत्र के पुरा स्मारकों को और पर्यटन स्थलों का सर्वे किया। जिसमें आर्किटेक्चर ओशीन गुप्ता, आर्ट हिस्ट्रियन सृष्टि जैन, सिविल इंजीनियर करण सिंह शामिल थे। जिन्होंने नगर के इतिहासकार मनोज नामदेव से मुलाकात की। जिन्होंने सिद्ध क्षेत्र श्री करेली धाम श्री हनुमान मंदिर, देवल घाट महादेव मंदिर, कुटकेश्वर महादेव मंदिर, भीमगजा, हजारिया महादेव मंदिर, गडरमल मंदिर, प्राचीन जैन मंदिर समूह, विष्णु दशावतार, सप्तश मातृका गुफा, 16 खंबा और रामगढ़ की सत मड़िया सहित क्षेत्र के पुरा स्मारकों, इमारतों और स्थलों का अवलोकन किया।



#### अब इन स्थलों का होगा अवलोकन

आगामी बार जब इंटेक भोपाल का दल क्षेत्र में भ्रमण करेगा। उस दौरान शैल चित्र हाथी घोड़ा गुफा, ऐतिहासिक किला, पठारी बड़ोह तालाब, ज्ञाननाथ पर्वत पर स्थित बौद्ध स्तूप और बौद्ध विहार का अवलोकन करेगा। इसी दौरान प्रसिद्ध अमर प्रेमी कथा सदा व्रत सारंगा की स्टोरी पर चर्चा करेंगे। सरपंच प्रतिनिधि इंजीनियर अखिलेश पंथी और इतिहासकार मनोज नामदेव ने बताया कि यदि इंटेक के वरिष्ठ अधिकारियों एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों और जिला प्रशासन ने इंटैक दल की मेजर प्रोजेक्ट रिपोर्ट को गंभीरता से लेकर कार्य स्वीकृत कर दिया तो क्षेत्र के पुरा स्मारक पुनः जीवंत हो जाएंगे। जिससे पठारी क्षेत्र का पर्यटन विकसित होगा।

---

## स्टेडियम में आग बुझाने वालों को एसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खेल स्टेडियम के जिम में बुधवार शाम आग लग गई थी। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। दमकल विभाग, स्टेडियम कर्मचारियों और खिलाड़ियों की सतर्कता से बड़ी दुर्घटना टल गई।

आग लगते ही एसपी रोहित काशवानी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने राहत कार्यों का जायजा लिया। जांच में सामने आया कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। इसमें जिम में लगा एक एसी और क्रॉस ट्रेनर मशीन जलकर खाक हो गए। समय पर की गई कार्रवाई से कोई जनहानि नहीं हुई। एसपी रोहित काशवानी ने आग बुझाने में मदद करने वाले खिलाड़ियों, कर्मचारियों, फायर ब्रिगेड कर्मियों और सतर्कता दिखाने वाले बच्चों को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में सभी ने साहस और टीम वर्क दिखाया। यह उदाहरण है कि जागरूक नागरिक और सक्षम प्रशासन मिलकर किसी भी चुनौती से निपट सकते हैं। एसपी ने भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा मानकों की समीक्षा करने और जरूरी सुधार करने के निर्देश दिए। यह घटना सतर्कता और प्रशासनिक समन्वय का उदाहरण बन गई।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2860
उच्चतम भाव- 3910
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 3050
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2398
उच्चतम भाव- 2412
चना
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5810
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3515
उच्चतम भाव-3750
धान
न्यूनतम भाव-2090
उच्चतम भाव-3200
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3590
अलसी
न्यूनतम भाव-5520
उच्चतम भाव-5860
मसूर
न्यूनतम भाव-4710
उच्चतम भाव-6370
धनिया
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6720
सरसों
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-7315
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-4545

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 44107 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या




**गंजबासौदा।** गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही शासकीय राजीव गांधी अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। शहर का तापमान 42 डिग्री तक पहुंच चुका है, जिससे बड़े और बच्चे सब बीमार पड़ रहे हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार ओपीडी में प्रतिदिन 600-700 मरीज पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भी लगभग 700 मरीज इलाज कराने अस्पताल पहुंचे। बीएमओ डॉ. प्रमेंद्र तिवारी ने बताया कि गर्मी के चलते नगर सहित ग्रामीण अंचलों में डिहाइड्रेशन के चलते उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या सबसे अधिक बढ रही है। विशेषकर बच्चे इन समस्याओं से ज्यादा प्रभावित हैं। डॉ प्रमेन्द्र तिवारी ने नागरिकों को सलाह दी है कि भीषण गर्मी में बाहर निकलते समय अपने शरीर को ढंककर निकलें, तौलिया, चश्मा लगाकर रखें, शीतल पेय पदार्थों का सेवन करें, संतुलित और ताजा भोजन करें, मच्छरों से बचाव करें।

# हत्या के प्रयास के आरोपियों को 7 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




मारपीट और हत्या के प्रयास के आरोपियों को न्यायालय ने 7 वर्ष का कठोर कारावास और 5000 रूपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक नरेंद्र व्यास एवं ऋषि बजाज ने बताया कि घटना 8/2/2022 को रात्रि 9 बजे की है। फरियादी संकेत प्रजापति को सोनू रघुवंशी घर छोड़ने बेतोली अपनी मोटर साईकिल से जा रहा था। जैसे ही वह हरिनगर स्थित पुलिया के पास पहुंचे तभी रंजीत यादव, नरेंद्र यादव, लालू अहिरवार मोटर साईकिल से उनके पीछे आये एवं उनकी मोटर साईकिल में टक्कर मार दी, जिससे वे दोनों गिर गये, उनके गिरते ही आरोपियों ने लाठी, डंडे, लोहे की राड, तलवार से प्रहार किया और सोनू रघुवंशी के सिर व शरीर पर मारना शुरू किया। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई एवं उसका कान भी कट गया। मारपीट के पश्चात वह मौके पर बेहोश हो गया। फिर परिवार वाले उसे अस्पताल से विदिशा लेकर गये थे, जहां से उसे भोपाल रेफर कर दिया गया था, जहां उसका इलाज हुआ। फरियादी संकेत प्रजापति ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां न्यायाधीश हर प्रसाद वंशकार ने दोषी पाए जाने पर आरोपित नरेंद्र यादव एवं लाल सिंह उर्फ लालू अहिरवार को धारा 307 में 7 वर्ष का आश्रम कारावास एवं 5000 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले के विचारण के दौरान एक आरोपी रंजीत की पूर्व में मौत हो चुकी थी।

## यात्रा के दौरान रेलयात्री को आया था साइलेंट अटैक

# एक बार फिर समय पर नहीं पहुंची 108 एम्बुलेंस, रेलयात्री की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन द्वारा आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके, इसके लिए करोड़ों रुपए खर्च कर विभिन्न जनहितैषी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमें 108 एम्बुलेंस भी प्रमुख योजना का हिस्सा है, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा ध्यान न देने के कारण तथा 108 एम्बुलेंस पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने के चलते मरीजों, गंभीर रूप से बीमार मरीजों को इसका समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसा ही एक मामला गुरूवार को भी सामने आया, जिसमें एक रेलयात्री की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर से चलकर भोपाल की ओर जा रही बिलासपुर एक्सप्रेस में टीकमगढ़ निवासी 20 वर्षीय कमल वंशकार अपनी पत्नी के साथ यात्रा कर रहे थे। इस बीच ट्रेन जब स्थानीय रेलवे स्टेशन पर आई तो कमल को सीने में अचानक दर्द होने लगा। जिस पर वे प्लेटफार्म क्रमांक 3 पर उतरे और इस दौरान चक्कर खाकर गिर गए। संभवतः उनको साइलेंट अटैक आया था। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों एवं रेलकर्मियों ने 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों को सूचना दी। पहले तो एंबुलेंस का नंबर ही नहीं लगा, लेकिन थोड़ी देर बाद जब संपर्क हो गया तो एंबुलेंस कर्मचारियों ने कुछ समय में आने की बात कही। काफी देर इंतजार के बाद भी जब एंबुलेंस नहीं आई तो रेल कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों, जीआरपी, आरपीएफ एवं रेलयात्रियों की मदद से ऑटो से मरीज को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत रेलयात्री को मृत घोषित कर दिया। चिकित्साकर्मियों और नागरिकों का कहना था कि यदि रेलयात्री को समय पर उपचार मिल जाता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ माह में एंबुलेंस के समय पर न पहुंचने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें से कुछ गंभीर रेलयात्रियों की समय पर उपचार न मिलने से मौत भी हो चुकी है। जबकि अन्य मामलों में रेलकर्मियों, नागरिकों की मदद से ही पीड़ितों को किराए के वाहन या निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचाया गया है। इन सभी मामलों की खबरें प्रकाशित होने और शिकायतों के बावजूद प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने आपात स्थिति में एंबुलेंस की उपलब्धता पर कोई ध्यान नहीं दिया है। यही कारण है कि आए दिन एंबुलेंस के समय पर न पहुंचने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं और ऐसे में गंभीर मरीजों, घायलों की जान जोखिम में पड़ रही है। जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से 108 एम्बुलेंस संचालन में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर उचित कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि 108 एम्बुलेंस को सूचना के बाद वह समय पर घटना स्थल पर क्यों नहीं पहुंचती है। अगर पीड़ित को समय पर उपचार मिल जाता तो उसकी मौत नहीं होती।

## रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्थाओं की भरमार, यात्री हो रहे परेशान

**गंज बासौदा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन तो बना दिया गया है। लेकिन स्टेशन पर व्याप्त अव्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया जा रहा है। जिससे रेल यात्रियों एवं अप डाउनरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन प्रबंधक एवं रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी स्टेशन पर साफ, सफाई, पेयजल, आवारा मवेशी विचरण, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ध्यान नहीं दे रहे हैं। रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म पर समय पर साफ सफाई न होने से गंदगी का अंबार लगा रहता है, नलों में पानी नहीं आने से स्थानीय रेल यात्रियों एवं ट्रेन में यात्रा कर रहे रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रेलवे प्लेटफॉर्म पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, यह मवेशी कई बार रेल यात्रियों को घायल भी कर चुकी हैं लेकिन रेलवे द्वारा आवारा मवेशियों को प्लेटफार्म पर विचरण करने से नहीं रोका जा रहा है। रेल यात्री संजय यादव ने समस्याओं के निराकरण एवं शिकायत को लेकर स्टेशन प्रबंधक से करना चाही लेकिन उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया। जिसके बाद उन्होंने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को स्टेशन पर व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया।



## संयुक्त मोर्चा ने किया कलेक्टर का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला विदिशा ने नवागत कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मुलाकात कर शाल, श्रीफल से उनका स्वागत किया। उपयुक्त जानकारी देते हुए संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि सभी ने जिलाधीश से कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखने का अनुरोध किया। कलेक्टर ने संयुक्त मोर्चा के सभी पदाधिकारियों से अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करने को कहा। जिससे हमारा जिला अग्रणी भूमिका में रहे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन, अपाक्स, मप्र शिक्षक संघ, मप्र शिक्षक कांग्रेस, लघु वेतन कर्मचारी, सर्व समाज संगठन सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह यादव, उमराव सिंह कुशवाह, विनोद श्रीवास्तव, विनय सक्सेना, मनोज शर्मा, चरण सिंह शाक्य, राजेश माथुर, माधोसिंह तोमर, मुकेश मालवीय, अनुराधा सक्सेना, पूनम यादव, ममता शिल्पकार शामिल थीं।

## कार्रवाई की मांग को लेकर कोटवार चौकीदार संघ ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को मध्यप्रदेश कोटवार चौकीदार संघ द्वारा एसडीएम विजय राय को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि ग्राम आगासोद के कोटवार प्रहलाद सिंह ग्राम सभा की डोंड पीट रहे थे। तभी कुछ लोगों से उनका विवाद हो गया और उन लोगों ने कोटवार के साथ जमकर मारपीट कर दी थी। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया था। जिसके कुछ समय बाद कोटवार की मौत हो गई। कोटवार चौकीदार संघ द्वारा एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में मारपीट करने वाले अज्ञात लोगों की पहचान कर शीघ्र कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में सरवन, हरीसिंह, विनोद, इंदर सिंह, दिनेश, गजेन्द्र दांगी, नर्वदी, गजराज सिंह,सुंदर सिंह आदि कोटवार शामिल हैं।

## यातायात पुलिस ने बनाए चालान



गंजबासौदा। गुरुवार को यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में जयस्तंभ चौक पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐसे दो पहिया वाहन जिन पर तीन सवारी बैठी हुईं थी, नंबर प्लेट टूटी हुई थी ऐसे वाहन चालकों को रोककर वाहन के आवश्यक दस्तावेज एवं चालक का ड्रायविंग लायसेंस की जांच की गई। जिसके न पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में 10 दो पहिया वाहन चालकों से 3600 रुपए जुर्माने के रुप में वसूल किए गए। वाहन चैकिंग के दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमट, चार पहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने की समझाईश दी गई।

## पहले भी हो चुकी हैं चोरियां, नहीं लगा घटनाओं पर अंकुश

# ट्रैक्टर ट्रॉली से चने की बोरियां चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




बरेठ ओवर ब्रिज के आसपास किसानों की उपज से भरी ट्रॉली से बोरी चोरी होने की घटनाएं थम नहीं रही हैं। पूर्व में भी कई किसानों के साथ इसी स्थान पर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन ने इस ओर कोई गंभीरता नहीं दिखाई है। परिणाम यह निकला कि बीती रात एक बार फिर एक किसान की ट्रॉली से चने से भरी बोरियां चोरी हो गईं।

जानकारी के अनुसार ग्राम भर्री के किसान रघुवीर सेन के ट्रैक्टर ट्राली से बदमाशों ने चने से भरी 4 बोरियां चुरा लीं। किसान ने बताया कि विगत दिनों वह रात्रि के समय ट्रैक्टर ट्राली में चना भरकर कृषि मंडी बेचने के लिए निकला था। अनाज फैल न जाए, इसलिए ट्रॉली के चारों तरफ 50-50 किलो की बोरियां रखी थीं। रात को उदयपुर से निकलते समय ट्राली चेक की, तब बोरियां मौजूद थीं। लेकिन जब बरेठ ओवरब्रिज के पास दोबारा ट्राली देखी तो चार बोरियां गायब थीं। किसान ने बताया कि भाटनी और बरेठ के बीच के इलाके में अंधेरा रहता है। चोरी की घटना इसी दौरान हुई। रात को ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर देखने भी नहीं जा सकता था क्योंकि ट्रैक्टर पर कोई साथी या परिवार का मौजूद नहीं था।

उल्लेखनीय है कि इलाके में मंडी का सीजन जोरों पर चल रहा है। ऐसे में किसान अपनी उपज बेंचने ट्राली में भरपूर अनाज रखकर ला रहे हैं। अधिक अनाज रखा होने से ट्रैक्टर पर बैठा चालक पीछे ट्रॉली की निगरानी नहीं कर पाता है और बदमाश बाइक से चलते चलते या फिर ट्रॉली पर पीछे से चढकर बोरियां या उपज चुरा लेते हैं। बरेठ ओवर ब्रिज पर तो पिछली बार एक किसान के सामने से ही बदमाश बाइक पर बोरी ले जा रहे थे। किसान द्वारा रोकटोक करने पर बदमाशों ने पथराव भी कर दिया था। इससे पूर्व करीब एक दर्जन से अधिक वारदातों में बदमाशों ने ओवर ब्रिज की चढाई पर चढते समय ट्रैक्टर ट्रॉली से बोरियां चोरी की हैं। जबकि देहात थाना क्षेत्र की एक घटना में तो बदमाश बाइक से चलती ट्रॉली से ही बोरी चुरा ले गए थे। जिसका वीडियो भी एक जागरूक नागरिक ने बना लिया था।

हांलाकि इस मामले में पुलिस ने बदमाशों को पकडकर चोरी की बोरियां बरामद कर ली थीं। लेकिन अन्य मामलों में अभी तक न तो चोर पकडे गए हैं और न ही ऐसी वारदातों पर अंकुश लग पा रहा है। जागरूक नागरिकों एवं किसानों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मंडी आने वाले रास्तों पर रात के समय पुलिस गश्त कराई जाए, ताकि पुलिस की मौजूदगी के चलते बदमाश वहां डेरा न जमा सकें और किसानों के साथ चोरी की वारदातें न हो सकें और उनकी उपज सुरक्षित रहे।

# पाठक संघ ने हीमोफीलिया दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




गुरुवार को शहर वाचनालय पाठक संघ ने विश्व हीमोफीलिया दिवस मनाया। कार्यक्रम का संचालन शहर वाचनालय पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया। स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान एवं समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि इस दिवस को 1989 में सबसे पहले मनाया गया था। यह आयोजन इसके संस्थापक फ्रेम शानेल के जन्म दिवस पर आयोजित किया जाता है, इस बीमारी से पीड़ित रोगी का शरीर रक्त का थक्का बनाने की जरूरत को कम करता है। जिसमें उसके जोड़ों में एवं मांसपेशियो में दर्द होता है और रोगी को बहुत पीड़ा होती है। इस अवसर पर सभी लोगों ने उपस्थित होकर अपने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों में जागरूकता बढेगी और समाज में व्याप्त इस बीमारी से पीड़ित रोगी को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व पार्षद अतुल नेमा, उत्तम सोनी, विक्की चौरसिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## बाइक अनियंत्रित होकर टकराई

**गंज बासौदा।** गुरुवार को दोपहर के समय एक बाइक चालक नवांकुर गली के सामने तेज गति में आ रहा था, जैसे ही वह मुख्य मार्ग पर मुड़ा वैसे ही कलाबाग क्षेत्र से जय स्तंभ चौक की ओर तेज गति में आ रही बाइक को उसका चालक नियंत्रित नहीं कर पाया और सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गया। जिससे दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गई एवं बाइक चालकों भी हल्की चोटें आई। देर तक दोनों बाइक आपस में बहस करते रहे, जिसके बाद दोनों अपने गंतव्य की ओर चले गए। वहीं एक अन्य मामले में एक वाहन चालक ने पप्पू सोनी की बाइक में टक्कर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

## खबर संक्षेप

### पद्मश्री रामसहाय पांडेय की श्रद्धांजली सभा 19 को

**सागर।** बुंदेलखंड के राई नृत्य को पूरे देश में प्रतिष्ठित करने वाले पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सुप्रसिद्ध बुंदेली लोक गायक व नृत्यकार स्व.पं. राम सहाय पांडेय की श्रद्धांजली सभा का आयोजन 19 अप्रैल शनिवार को अपराह्न 4 बजे से कनेरा देव में नवनिर्मित मंगल भवन में श्यामलम और लोककला निकेतन संस्था द्वारा सांस्कृतिक समाज सागर के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेन्द्र जैन विधायक सागर द्वारा कनेरा देव में नवनिर्मित मंगल भवन का नामकरण स्व.पांडेय की स्मृति में किया जाकर उसे लोकार्पित किया जाएगा। प्रसिद्ध बुंदेली गायक हरगोविंद विश्व की अध्यक्षता, कलाकार रवींद्र दुबे कक्का, लोककला विद् डॉ. के.कृष्णा राव, डॉ.पंकज तिवारी एवं बुंदेली गायक देवी सिंह राजपूत विशिष्ट अतिथि होंगे। संचालन डॉ .अमर जैन, प्राध्यापक करेंगे। आयोजक संस्थाओं के अध्यक्षद्वय उमा कान्त मिश्र व डॉ.अतुल श्रीवास्तव ने सभी लोककला प्रेमियों और नागरिकों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### जिला जनपद शिक्षा केंद्र में बैठक का आयोजन

**सागर।** स्कूल चले हम अभियान के तहत जनपद शिक्षा केन्द्र सागर में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बी.आर.सी. सागर द्वारा शिक्षको को शाला प्रवेश उत्सव के संदर्भ में घर-घर जाकर एवं सर्वे कर स्कूलों में प्रवेश कराने की जानकारी दी एवं इसके साथ ही स्कूल में प्रवेशित छात्रों को पुस्तक वितरण की व्यवस्था के बारे में बताया। बैठक में सह-समन्वयक डॉ.प्रतिभा तिवारी जिला प्रौढ़ शिक्षा द्वारा जानकारी दी गई कि सभी जनशिक्षक एवं संकुल सह-समन्वयक को प्रौढ़ शिक्षा के अन्तर्गत एन आई एल पी एप्प पर अक्षर साथी का पंजीयन एवं असाक्षरों का सर्वे कर पंजीयन कराए गए।

### राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में सीएम राइज की छात्राओं को सफलता

# समर्पण, मेहनत और सही मार्गदर्शन मिलने से पा सकते हैं कोई भी मंजिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शासकीय सीएम राइज स्कूल की तीन छात्राओं ने राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। जिसमें सौम्या आचार्य ने 31वी रैंक,शनाया खान ने 81वी रैंक एंव गरिमा भारती ने 160वी रैंक हासिल की। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार ने कहा कि इन छात्राओं ने न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि समर्पण,मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी मंज़िल पाई जा सकती है। राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित की जाती है, जिसमें चयनित छात्रों को प्रति वर्ष 12 हजार रूपये की छात्रवृत्ति दी जाती है। वही उन्होने कहा कि हम इन बाल प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और उनके इस प्रेरणादायक सफर पर पूरे विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।

### राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा का बताया महत्व

इस अवसर पर प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार ने छात्रवृत्ति परीक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति (एनएमएमएसएस) परीक्षा का महत्व है कि यह आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाने में मदद करती है। इससे ये छात्र कक्षा 8 में पढ़ाई छोड़ने से बचते हैं और माध्यमिक स्तर की पढ़ाई पूरी कर पाते हैं। इस परीक्षा के ज़रिए, आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है। जिस छात्रवृत्ति की राशि सालाना 12 हजार रुपये होती है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 9वीं से 12वीं तक जारी रहती है। छात्रवृत्ति पाने के लिए, छात्रों को मानसिक योग्यता परीक्षा (एमएटी) और शैक्षिक अभिरुचि परीक्षा (एसएटी) पास करनी होती है। साथ ही छात्रों के माता-पिता की आय 1,50,000 रुपये से ज़्यादा नहीं होनी चाहिए। वही यह छात्रवृत्ति की रकम, सीधे छात्रों के बैंक खातों में भेजी जाती है। यह छात्रवृत्ति पाने के लिए छात्रों को एसबीआई, किसी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, या किसी अनुसूचित बैंक में खाता खोलना होता है। तो वही इस योजना का संचालन शिक्षा मंत्रालय करता है। वही उन्होने कहा कि इस योजना का मकसद, आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के छात्रों को प्रोत्साहित करना है ताकि वे अपनी पढ़ाई आगे भी जारी रख सकें।

## बच्चों की कलम से निकली पर्यावरण को बचाने के लिए चेतना की आवाज़: श्वेता

### केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में लघुकथा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**सिरोंज।** जब नन्हे हाथों में कलम होती है और मन में संवेदना,तो वे केवल शब्द नहीं रचते, बल्कि समाज को दिशा देने वाले विचारों की नींव रखते हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिला केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित लघुकथा लेखन प्रतियोगिता में जहाँ बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण जैसे गंभीर विषय को अपनी सरल लेकिन प्रभावशाली कहानियों में ढालकर सबका ध्यान खींचा। स्कूल के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें उन्हें प्रकृति के प्रति मानवीय व्यवहार, जलवायु परिवर्तन, पेड़-पौधों की कटाई और प्लास्टिक प्रदूषण जैसे विषयों पर लघुकथाएं लिखनी थीं। प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल उनकी रचनात्मकता को मंच देना था। बल्कि उनके भीतर पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को जागृत करना भी था। लघुकथा किस प्रकार लिखी जाती है यह स्कूल के शिक्षक कृष्ण कांत एवं शिक्षिका मंजू लता सेन ने समझाया। नन्हीं कहानियों में छिपे बड़े संदेश एक छात्रा की कहानी ह्लनीली नदी की चीखह्व में एक बार स्वच्छ बहने वाली नदी आज प्लास्टिक और कचरे से घुटती नजर आती है। कहानी में नदी खुद अपनी पीड़ा बयां करती है और बच्चों से मदद की गुहार लगाती है। वहीं एक अन्य छात्र की लघुकथा ह्लटहनी पर टूटी उम्मीदह्व में एक पेड़ पर बसेरा करने वाले पक्षी के आशियाने के उजड़ने का मार्मिक चित्रण किया गया। कुछ कहानियों ने यह भी दिखाया कि कैसे छोटे प्रयास जैसे प्लास्टिक की जगह कपड़े का थैला उपयोग करना। स्कूल में पौधारोपण अभियान चलाना या पानी बचाना - बड़े बदलाव ला सकते हैं। बच्चों की इन कहानियों में कल्पना और यथार्थ का ऐसा संतुलन था। जिसने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका श्वेता आनंद त्यागी ने कहा कि बच्चों की कहानियों में केवल कल्पना नहीं, बल्कि गहरी समझ और जिम्मेदारी की भावना झलकती है। यह आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है। तो वही विद्यालय के प्राचार्य मनोज तिवारी ने कहा कि यह आयोजन न सिर्फ लेखन प्रतिभा को निखारने का माध्यम बना, बल्कि यह भी दिखाया कि बच्चों को यदि सही दिशा और मंच मिले, तो वे पर्यावरण संरक्षण की सबसे मजबूत आवाज़ बन सकते हैं। यह प्रतियोगिता एक संदेश छोड़ गई है और बदलाव की शुरुआत किसी भी उम्र से हो सकती है।

### ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी का आयोजन

## देर रात शायर और कवियों को सुनने जुटी लोगों की महफिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के तत्वाधान में ऑल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश एवं प्रदेश के शायर एवं कवियो ने भाग लिया। इस अवसर पर मुशायरा एवं कवि सम्मेलन की निजामत विदिशा से आए संतोष सागर द्वारा की गई। तो वही सिरोंज में तीसरी बार तशरीफ़ लाए अलताफ जिया को सुनने के लिए देर रात तक नागरिको की भीड लगी रही।

वहीं शायर एवं कवि सागर के नौजवान उभरते हुए सितारे आदर्श दुबे ने अपने शायरियो से सिरोंज की जनता के दिलों पर राज कर लिया। ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के जिला अध्यक्ष अलताफ खान पत्रकार,प्रवक्ता इरफान मंसूरी,पत्रकार जिला कार्यवाहक अध्यक्ष हाफिज कमर द्वारा सभी शायर व कवि के साथ अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव,कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र रघुवंशी,टेक्नो ग्लोबल यूनिवर्सिटी के रजिस्टर शफीक खान, वरिष्ठ समाजसेवी सोहेल कुरेशी,शकील कुरेशी को शाल श्रीफल फूलमाला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि कौमी एकता की मिसाल है यह कवि सम्मेलन एवं मुशायरा इस तरह के कार्यक्रम सिरोंज में होते रहना चाहिए जिससे कि सिरोंज एवं आसपास की जनता को अपने यहां भी बड़े-बड़े शायर एवं कवियों को सुनने का मौका मिले सके। इस तरह के कार्यक्रम के लिए में ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार नसीम खान,डॉ वसीम,माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के ओनर मजहर खान,गब्बर सिंह, रुम्मान उद्दीन,जुनैद खान,पत्रकार अलीम शीशगीर, अरबाज खान,तबरेज आलम, शकील मंसूरी,शब्बू गोरी, अरबाज गोरी,अमीन शाह, वसीम खान आदि लोग उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने वरिष्ठ अधिवक्ता अवध नारायण श्रीवास्तव

**सिरोंज।** भोपाल प्रदेश कार्यालय में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर महासभा की साधारण बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारणी के कार्यकारी अध्यक्ष विश्वास कैलाश सारंग की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव द्वारा सिरोंज के वरिष्ठ समाजसेवी एंव वरिष्ठ अधिवक्ता अवध नारायण श्रीवास्तव को कायरथ महासभा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। तो वही वरिष्ठ अधिवक्ता अवध नारायण श्रीवास्तव ने कार्यकारी अध्यक्ष विश्वास कैलाश सारंग व प्रदेश अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव का आभार व्यक्त किया।



हार्वेस्टर बेचना है
MP-04-ZX-3510
2024 MODEL
Kartar 4000 Harvester
इच्छुक व्यक्ति निम्न पते पर संपर्क करें।
सुन्दरम फाइनेंस लिमिटेड
साँची रोड़, विदिशा
मो: 9425600144

# गर्मी में विवाह बारातों का जोरदार सीजन शुरू

## जेवर, बर्तन, कपड़ों, फर्नीचर दुकानों पर बढ़ी ग्राहकों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले एक माह तक लग्न विवाह पर ब्रेक लगा रहा। 14 अप्रैल से भीषण गर्मी में विवाह बाराते का दौर शुरू हो गया है। विवाहो की तैयारी में विभिन्न प्रकार की वस्तुए खरीदने बाजार में भीड का नजारा बन रहा है। बढती कीमतो के बीच भी सोने चांदी के जेवर खरीदना मजबूरी बना हुआ है। इसी के साथ बर्तन कपडे और फर्नीचर की दुकानों पर दहेज, उपहार सामग्री खरीदने ग्राहकों की भीड लग रही है।

भीषण गर्मी, तेज धूप से लोग हैरान परेशान है। इसी के साथ एक-एक दिन में अनेक विवाह बारातों में सम्मिलित होना लोगो की मजबूरी बन रहा है। यात्री बसे ढसाढस भरी रहने के साथ लोग दो पहिया वाहनो और निजी, किराये के चार पहिया वाहनों का एक से दूसरे स्थान पर विवाह बारातों में सम्मिलित होने जमकर उपयोग करते नजर आ रहे है। चिलचिलाती धूप गर्मी में सफर करना जोखिम भरा बना हुआ है।



### एक दिन में अनेक विवाह

एक दिन में अनेक विवाह नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में हो रहे है। विवाहों की अधिकता के कारण नगर के सभी मैरिज गार्डन फुल हो रहे है। इसी के साथ पिपरिया रोड, उदयपुरा रोड के मैरिज गार्डनों के सामने डीजे, बैंड, बाजो के साथ बाराते लगने के दौरान आवागमनप की परेशानियां और जाम लगने से लोग भारी परेशान बने रहते है। घंटो परेशानियों भरी जाम की स्थिति का सामना वाहन चालकों को करना पडता है।

## मेंटनेंस के नाम पर चाहे जब मनमाने ढंग से बिजली कटौती

**हरिभूमि न्यूज, बरेली।** भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। इसी के साथ घोषित अघोषित बिजली कटौती का मनमाना दौर भी शुरू हो गया है। मेंटनेश के नाम पर कटौती की जा रही है। लाइनों खम्बो का मेंटनेश होने के बाद भी करेंट दौडते तार नीचे लटकने झूलने और टकराने से बार-बार फाल्ट और बिजली गायब हहो रही है।

आखिरकार मेंटनेश कहा और कैसा हो रहा या सिर्फ औचारिकता में नगर एवं क्षेत्र के निवासियों को भीषण गर्मी में बिना बिजली के रहना और घरो, दुकानों में लगे कूलर पंखे शोपीस बने नजर आ रहे है।

### तार की अनोखी जुगाड़

पिपरिया मार्ग पर बरेली से गई 11 केव्ही की लाइन में मेंटनेश के नाम पर विधुत मंडल का एक अनोखा तरीका और जुगाड देखने को मिला। हाई वोल्टेज का एक तार को एक बबूल के पेड पर बांध दिया गया। लाइन मेंटनेश के नाम पर किया गया यह जुगाड तेज हवा, आंधी बारिश में बडी घटना, दुर्घटना का जानलेवा कारण भी बन सकता है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, विदिशा

क्रमांक/2440 to 2790/Water Supply/2025 // ई-निविदा आमंत्रण सूचना // विदिशा, दिनांक 16/04/2025

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | निविदा क्रं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2440 | 2025_UAD_417613_1 | Supply of 01 Tractor 42 hp and 04 Tanker 5000 let. Vidisha Municipality | I Call | 2000000.00 | 15000.00 | 2000.00 | 03 months | 23/05/2025 |
| 2 | 2790 | 2025_UAD_417623_1 | Supply instalation testing commissionning operation and maintenance of Signal Lights. | I Call | 9300000.00 | 69750.00 | 10000.00 | 06 months | 23/05/2025 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, विदिशा

### गर्मी का प्रकोप स्कूलों का बदला समय, गुरुकुल स्कूल ने शुरू की ऑनलाइन कक्षाएं

**बरेली।** तापमान गर्मी बढने के साथ सूरज के तेवर तीखे होते जा रहे हैं प्रशासन ने स्कूलों के लगने का समय बदलकर प्रथकालीन कर देने से छात्र-छात्राओं पलकों को राहत मिल रही है गुरुकुल स्कूल प्रबंधन में समय बदलने से पढ़ाई के हो रहे नुकसान और कोर्स समय से पूर्ण हो इसके लिए ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा ह।

गुरुकुल स्कूल के संचालक प्रशांत राठी ने बताया कि स्कूल प्रबंधन ने स्कूल समय समाप्त होने के बाद दोपहर 2 से 3 तक कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन प्रारंभ किया है गूगल मीट जैसे डिजिटल माध्यम से चल रही इन कक्षाओं में शिक्षक पूर्ण समर्पण के साथ पढ़ा रहे हैं छात्रों की संख्याओं का समाधान और होमवर्क की समीक्षा भी की जा रही है राठी ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि किसी भी परिस्थिति में छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो तकनीक की सहायता से शिक्षा को घर-घर पहुंचने का कार्य किया जा रहा है।

# नगर एवं क्षेत्र में बिना दस्तावेज के दौड़ते वाहनों की भारी संख्या

## सिर्फ नंबर प्लेट जांच में चालान की कार्रवाई

◆ जप्त वाहनों का थाने में लगा अंबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर एवं क्षेत्र में दो पहिया चार पहिया वाहनों की तेजी से संख्या बढ़ रही है जब कभी भी पुलिस द्वारा वाहनों की जांच की जाती है वाहनों के चालान कार्ड जुर्माना वसूली की कार्रवाई की जाती है।

वाहनों के मूल दस्तावेजों की जांच के प्रति बनी उदासीनता से चोरी के वहां सिर्फ नंबर प्लेट के सहारे नगर एवं क्षेत्र की सडक़ों पर दौड़ते रहते हैं बिना नंबर वाले वाहनों का साबुन चोरी परिवहन में उपयोग के अनेक मामले सामने आ चुके हैं थाना परिसर में सैकड़ों की संख्या में दो पहिया चार पहिया जप्त वहां कबाड़ के रूप में तब्दील हो रहे हैं इसका कारण वहां के वैध मूल दस्तावेज न होना माना जा रहा है।



### नगर में बढ़ रहीं वाहन चोरी की घटनाएं

आए दिन किसी न किसी स्थान से वाहन चोरी होने की घटनाएं हो रही है पुलिस घटनाओं की जांच में वाहनों की तलाश में सीसीटीवी फुटेजों और साइबर की सहायता लेती है परंतु वाहन चोरी के दौरान चोरों के पास से वहां के गाड़ी नंबर एवं चेचिस नंबर के आधार पर गाड़ी मालिक की जानकारी नहीं मिल पाती इसका मुख्य कारण गाड़ी के चेचिस इंजन नंबर को बदल दिया या बिगाड़ दिया जाता है।

इसी कारण थाने में जप्त वाहनों के ढेर लगा कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं नगर में ऐसे मोडिफाइड वाहन भी हैं जिनके दस्तावेजों की जांच में सच्चाई सामने आ सकती है वाहनों की जांच में सिर्फ जुर्माना चालान के साथ मूल दस्तावेजों की जांच से फर्राटे से सडक़ों पर दौड़ रहे चोरी के वाहनों और वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, विदिशा

क्रमांक/2295, 2631/स्वास्थ्य शाखा/2025 // ई-निविदा आमंत्रण सूचना // विदिशा, दिनांक 08/04/2025

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | निविदा क्रं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2295 | 2025_UAD_416183_1 | Supply of Seasonal lime for the year 2025-26 under the Health Department Vidisha Municipality | I Call | 350000.00 | 3500.00 | 2000.00 | 12 months | 02/05/2025 |
| 2 | 2631 | 2025_UAD_416220_1 | Hiring Two Innova Vehicle for the Financial Year 2025-26 Municipality Vidisha | I Call | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | 12 months | 02/05/2025 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की स्वा.शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, विदिशा

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, विदिशा

क्रमांक/2717 to 2719/Water Supply/2025 // ई-निविदा आमंत्रण सूचना // विदिशा, दिनांक 09/04/2025

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | निविदा क्रं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2717 | 2025_UAD_417140_1 | Supply of different types plants under Jal Ganga Conservation Campaign. | I Call | 500000.00 | 5000.00 | 2000.00 | 03 months | 06/05/2025 |
| 2 | 2718 | 2025_UAD_417147_1 | Maintenance work of residential quarters at old Municipal office Vidisha. | I Call | 135790.00 | 2716.00 | 1000.00 | 03 months | 06/05/2025 |
| 3 | 2719 | 2025_UAD_417161_1 | Construction work of Railing at WTP Vidisha | I Call | 786848.00 | 7868.00 | 2000.00 | 03 months | 06/05/2025 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, विदिशा

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली बाउंड्री से जा टकराया

**बेगमगंज।** सुबह एक ओवरलोड भूसे से भरी ट्रॉली-ट्रैक्टर तेज रफ्तार गति से थाने के सामने फुटपाथ से टकराते हुए एक वृक्ष ओर एक विद्युत पोल को तोड़ते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि उस समय कोई व्यक्ति वहां नही होने से उसकी चपेट में नहीं आया। दुर्घटना होते ही चालक घबराहट में ट्रैक्टर-ट्रॉली वहीं छोड़कर फरार हो गया। थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्जकर ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त करके प्रांगण में खड़ा कर दिया है और चालक एवं ट्रैक्टर मालिक की तलाश जारी है।

### बरुखार के जंगल में बाघ दिखने से दहशत

**रायसेन।** गुरुवार को चिकलोद एवं बरुखार के जंगल में बाघ भ्रमण करता दिखाई दिया। जिसका लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। जब आसपास के ग्रामीणों को बाघ के भ्रमण की जानकारी मिली तो वह दहशत में आ गए।

### पोषण पखवाड़े के तहत हो रही कई गतिविधियां

**रायसेन।** जिले में मनाए जा रहे पोषण पखवाड़े के तहत सम्पूर्ण जिले में आंगनवाड़ी केन्द्रों में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में एकीकृत बाल विकास परियोजना सिलवानी अंतर्गत आँगनवाडी केन्द्र कोलुआ में पोषण पखवाड़ा आयोजन में जिला कार्याक्रम अधिकारी दीपक संकत एवं परियोजना अधिकारी आविदा वी शामिल हुए। श्री संकत द्वारा पोषण पखवाडे की निर्धारित गतिविधियों व पोषण ट्रैकर में मॉडयूल को लोकप्रिय बनाने एवं सीमेम समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन माडयूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन एवं चिन्हित कुपोषण बच्चो एवं पोषण प्रबंधन साप्ताहिक फोलोअप आदि पर उपस्थित महिलाओं से चर्चा की।

---

### नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रमों में बढ़े प्रवेश

# कॉलेज के विद्यार्थी ले रहे तकनीकी शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट में रुचि

शिक्षा के बाद रोजगार युवाओं की पहली प्राथमिकता होती है। वर्तमान परिवेश में अच्छे अवसर व रोजगार के लिए युवाओं का तकनीक रूप से दक्ष होना आवश्यक है। लीड कॉलेज में पढ़ रहे छात्र पारंपरागत पाठ्यक्रमों के साथ रोजगरोन्मुखि पाठ्यक्रमों पर भी भरोसा जता रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




परंपरागत शिक्षा ग्रहण करने के वाले इन विद्यार्थियों के लिए स्थानीय स्तर पर प्लेसमेंट की संभावनाएं ना के बराबर हैं। इसलिए कृषि और तकनीकी शिक्षा का सहारा भी ले रहे हैं, ताकि पढ़ाई पूरी कर अपनी पैत्रिक खेती किसानी को आधुनिक रूप देकर कमाई का धंधा बना सकें या कंपनियों में अच्छे जॉब प्राप्त कर सकें

#### पुराने पाठ्यक्रमों में गिनती के प्लेसमेंट

*कॉलेज में सेवा दे रहे प्राध्यापकों की माने तो पुराने पाठ्यक्रमों में प्लेसमेंट की संभावनाएं बहुत कम है। कंपनियों में नौकरी तो हैं, लेकिन उन्हे ऐसे प्रोफशनल्स की जरूरत है जो नई तकीनीकों से अपडेट हों। पुराने पाठ्यक्रमों पर आधारित शिक्षा के अनुरूप कंपनियों में मांग बहुत कम रह गई है। जहां है, वहां वेतन बहुत कम होता है।*

दरअसल स्थानीय स्तर पर लगने वाले रोजगार मेलों में बाहर की कंपनियां भी आती हैं, लेकिन उनके ऑफर युवाओं को पसंद नहीं आते, इसका कारण भी है। पारंपरागत पढ़ाई के आधार पर मिलने वाले ऑफर 10 से 15 हजार रुपए वेतन वाले होते हैं, जिसमें बाहर जाकर नौकरी करना आज के दौर में संभव नहीं होता है, इसलिए युवा अब तकनीकी शिक्षा के साथ अपने स्किल को भी डेवलप करने में रुचि ले रहे हैं।

कॉलेज प्रबंधन ने रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने कुछ पाठ्यक्रम प्रारंभ किए हैं, जिनमें प्रवेश की संख्या बता रही है कि युवा इस ओर अग्रसर हैं। जिल के युवा कृषि आधारित शिक्षा को ज्यादा महत्व दे रहे हैं।

#### कृषि की शिक्षा में ज्यादा रुझान

स्वामी विवेकानंद लीड कॉलेज में चार रोजगारोन्मुखि पाठ्यक्रम लागू किए गए हैं। जिनमें प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या पर नजर डालें तो इसमें बड़ी संख्या कृषि आधारित शिक्षा लेने वालों की है। ऑर्गेनिक फॉर्मिंग तथा बागवानी की शिक्षा के लिए 2200 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। कॉलेज में कुल 2750 विद्यार्थी दर्ज हैं। जिनमें से ऑर्गेनिक फॉर्मिंग में 1650 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, जो कुल विद्यार्थियों के 60 प्रतिशत हैं। जबकि बागवानी के कोर्स में 550 ने प्रवेश लिया है। इसके अलावा डीटीपी में 275, सेल्समैनशिप में 275 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। उक्त चार पाठ्यक्रमों के अलावा कंप्यूटर एप्लीकेशन में 260, बीएफएसआई में 18 छात्रों ने प्रवेश लिया है।

#### शार्ट टर्म कोर्स में बढ़े प्रवेश

नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा देने पर जोर दिया गया है। इसके तहत कई शार्ट टर्म कोर्स प्रारंभ किए गए हैं। जिनमें विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। हालांकि इनकी संख्या कम है, लेकिन आगामी सत्र में बढने की संभावना है।

---

# 20 वर्षीय लोकेश शाक्या की दोनों किडनी फेल

### आर्थिक सहायता के लिए लगाई गुहार



◆ मां अपनी किडनी देने को तैयार, लेकिन इलाज में खर्च होगा लगभग 20 लाख रु.

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दीवानगंज के कोरी मोहल्ला निवासी राजेश शाक्या उर्फ अन्ना के 20 वर्षीय पुत्र लोकेश शाक्या की किडनी खराब हो जाने के कारण भोपाल के पिपलानी चौराहे स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। लोकेश को उसकी मां अपनी एक किडनी देने को तैयार है, परन्तु किडनी ट्रांसप्लांट में करीब 20 लाख रुपए से अधिक का खर्च डॉक्टरों द्वारा बताया किया गया।

लोकेश के पिता की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है, वह दिहाड़ी कर के अपने घर को पालन पोषण करते है। ऐसे में अपने घर के एकलोते पुत्र की जान बचाने के लिए उन्होंने सोशल मीडिया और आमजन से इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

लोकेश की मां ने बताया कि हम लोकेश की बीमारी में पहले ही 8 से 10 लाख रुपए खर्च कर चुके हैं। अब तो हमें बस के किराए के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। हमने विधायक, समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ताओं से बच्चें के इलाज के आर्थिक सहायत करने की गुहार लगाई है, ताकि इलाज करवा सकें। कोई भी इच्छुक व्यक्ति या संस्था मोबाइल नंबर 7224966839 पर आर्थिक सहायत के रूप में राशि भेज सकते है।

---

# मानव सेवा समिति ने खुलवाए निशुल्क प्याऊ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

बुधवार को नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था सियावास मानव सेवा समिति बेगमगंज के द्वारा नगर में शीतल पेयजल प्याऊघर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक देवेन्द्र पटेल एवं उपस्थित अतिथिगणों ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना की जिसके उपरांत श्री पटेल ने प्याऊघर का फीता काटकर उद्घाटन किया।

विधायक श्री पटेल ने संबोधित करते हुए कहा की समिति बहुत अच्छा कार्य कर रही है और किसी न किसी प्रकार से लोगों की मदद करती है। जिससे प्रेरणा लेना चाहिए और हर व्यक्ति क़ो सहयोग करना चाहिए।

---

# सचिव निलंबित, रोजगार सहायक बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया ने वित्तीय अनियमितताएं करने पर ग्राम पंचायत आमखेड़ा के पंचायत सचिव रामचरण सक्सेना को निलंबित कर दिया है और रोजगार सहायक अशोक विश्वकर्मा की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है।

विगत 18 मार्च 2025 को जनसुनवाई में गैरतगंज जनपद की ग्राम पंचायत आमखेड़ा की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि मनरेगा अंतर्गत लगभग 14 लाख 83 हजार रुपए स्टॉप डैम निर्माण की राशि स्वीकृत हुई थी, लेकिन मौके पर कार्य नहीं किया। जांच दल द्वारा निरीक्षण के बाद गैरतगंज जनपद सीईओ द्वारा पत्र प्रेषित प्रतिवेदन अनुसार आमखेड़ा में निर्माण कार्य 2 वर्ष से ज्यादा होने के बाद भी मौके पर ग्राम पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया। जिसमें सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को स्वीकृत निर्माण कार्य की राशि दुरुपयोग कर जनहित के निर्माण कार्य में वित्तीय अनियमितता का दोषी पाया गया है।

सचिव एवं रोजगार सहायक को 11 अप्रैल को समक्ष सुनवाई हेतु अवसर दिया गया। लेकिन कोई उत्तर कोई भी साक्ष्य या फोटोग्राफ अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। जिसके परिणाम स्वरूप पंचायत सचिव आमखेड़ा रामचरण सक्सेना को तत्काल निलंबित कर दिया एवं रोजगार सहायक अशोक विश्वकर्मा की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई।

---

### बच्चों की लड़ाई से शुरू हुआ था विवाद

# बच्चों का विवाद बड़ों में पहुंचा चले चाकू, 14 लोग घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के भोपाल रोड स्थित मिलन गार्डन में बीती बुधवार की रात एक शादी समारोह में हिंसक झड़प हो गई। बच्चों की लड़ाई से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में चाकूबाजी होने लगी।

जानकारी के अनुसार, अब्दुल गुफरान पक्ष से 8 लोग और सलीम खान पक्ष से 5 लोग घायल कुल 14 लोगों को चोटें आईं। सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद अधिकांश लोगों को छुट्टी दे दी गई। अब्दुल गुफरान पक्ष से मुसेफ अभी भी अस्पताल में भर्ती है।

#### अस्पताल में पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज किए

*पुलिस ने सलीम खान की शिकायत पर 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें अब्दुल गुफरान, मोहम्मद यूसुफ, अतहर खान, शेख मसूद और अब्दुल फैजान शामिल हैं। दूसरे पक्ष से भी पांच लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज किया। घटना में भोपाल और रायसेन के युवकों के बीच जमकर चाकू चले थे।*

---

# क्षेत्र में प्रतिदिन जल रही गेहूं की खड़ी फसलें फायर ब्रिगेड की कमी के चलते आग बेकाबू

### स्थानीय रहवासियों ने शासन प्रशासन से फायर ब्रिगेड की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

कस्बे सहित आसपास क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था नही होने के चलते आगजनी की घटनाओं में समय रहते मदद नही मिल पाती है। जिसकी वजह से किसानों का बड़ा नुकसान हो जाता है। सलामतपुर कस्बे, बेरखेड़ी चौराहा, दीवानगंज सहित आसपास क्षेत्र में कहीं भी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था नही है। जबकि गर्मी के दिनों ने आए दिन आगजनी की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

आगजनी की घटना होने पर आठ किलोमीटर दूर सांची या बीस किलोमीटर रायसेन से फायर ब्रिगेड बुलाई जाती है। लेकिन उनके आने में काफी समय लगता है। जिसकी वजह से समय रहते आग पर काबू नही पा सकते। और बड़ा नुकसान हो जाता है। कुछ दिन पूर्व भी कस्बे में गेंहू की खड़ी फसल में हुई आगजनी की घटना में भी सांची से फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। लोगों की मांग है कि शीघ्र ही क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए ताकि समय रहते आगजनी की घटनाओं में मदद मिल सके।



#### शांति समिति की बैठक में भी उठ चुका है मुद्दा

*24 मार्च को थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक में सुनारी सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह राजपूत और बबलू पठान ने क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करने को लेकर सुझाव दिया था। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम के चलते क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं। हादसों के समय फायर ब्रिगेड सांची या रायसेन से सलामतपुर आती है। जिसमें काफी समय लग जाता है। देरी की वजह से किसानों का भारी नुकसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व भी कस्बे में हुई आगजनी की घटना में किसान की गेंहू की खड़ी फसल में आग लग गई थी। वो तो स्थानीय रहवासियों की मदद से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया था। वरना फायर ब्रिगेड तो आग बुझने के बाद मौके पर पहुंच सकी थी।*

#### इनका कहना है

क्षेत्र में फायर ब्रिगेड का होना बहुत आवश्यक है। गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती है। और फायर ब्रिगेड सांची या सलामतपुर से आने में समय लग जाता है। जिसकी वजह से समय रहते मदद नही मिल पाती और बड़ी जनहानि हो जाती है।
- **रघुवीर सिंह मीणा,** सरपंच ग्रा.पं. रातातलाई।

शासन प्रशासन को 1 फायर ब्रिगेड का इंतजाम सलामतपुर या दीवानगंज क्षेत्र में भी करना चाहिए। क्योंकि आसपास क्षेत्र में काफी जंगल लगे हुए हैं और मेन हाइवे पर भी खेती की भूमि अधिक संख्या में हैं। जिससे आगजनी की घटनाएं होती रहती है। फायर ब्रिगेड होगी तो समय रहते मदद मिल जाएगी।
- **कालूराम मीणा,** सरपंच ग्रा.पं. खोहा।

---

# नगर परिषद कर रही है क्षेत्र में तेजी से विकास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

विकास के कार्यों से सांची नगर अब एक नया रुप लेते हुए नजर आ रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार के बताए अनुसार 3 साल के कार्य भार में करीब नगर परिषद द्वारा नगर के लिए 10 करोड़ रुपए के आस-पास की सौगात नगर को मिल चुकी है। जिसमें कई छोटे बड़े कार्य शामिल हैं। सांची का बस स्टैंड यह नगर के लिए पहले प्राथमिकता था। परंतु यह कई वर्षों से बेहाल हालत में पड़ा हुआ था। रेलवे स्टेशन रोड़ से जनपद कार्यालय तक का महत्वपूर्ण रोड हॉटबाजार बले दुकान दारों के लिए बस स्टैंड पर ब्लॉक व्यवस्था का निर्माण करवा कर बस स्टैंड को एक नया रूप दिया। इसी प्रकार और भी ऐसे कई बड़े कार्य है जैसे नगर परिषद का भवन कई वर्षों से पुराने भवन में ही काम चल रहा था परंतु वह भी अब एक भव्य दो मंजिला भवन में तब्दील होने जा रही है।

नगर को डूब से बचाने के लिये करीब 2 किलोमीटर का नाला तैयार किया जा रहा है इसी प्रकार कई पार्क और तालाबों के सुंदरीकरण छोटे बड़े सड़क सह नाली निर्माण के कार्य सांची नगर में आने वाली जल समस्या को लेकर वाटर फिल्टर प्लांट बनकर तैयार होने जा रहा है ।

---

### भिलोनी में क्षतिग्रस्त भवन के पास खेलते हैं बच्चे

# क्षतिग्रस्त भवन कभी भी बन सकता हैं हादसे का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

आदिवासी बाहुल्य ग्राम भिलोनी में शासकीय प्राथमिक-माध्यमिक शाला के पास ही एक क्षतिग्रस्त भवन स्थित है जो कि कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। लेकिन प्रशासन इस भवन को जमींदोज करने को लेकर गंभीर नही है। बताया जा रहा है कि उक्त भवन के पास ही ग्राम के छोटे छोटे बच्चे विभिन्न प्रकार के खेल खेला करते हैं। इसके अतिरिक्त यहां पर मवेशी भी डेरा जमाए रहते है।

क्षतिग्रस्त भवन के पास ही शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला संचालित होती है। जिसमें कि एक सौ से अधिक बच्चे अध्ययनरत है। स्कूल की छुटटी होने के बाद अकसर ही बच्चो को यहां पर खेलते हुए देखा जाता है। भवन पूर्णतः जर्जर होने के साथ ही आधे से अधिक हिस्सा धरासाही हो चुका है। भवन का शेष बचा हिस्सा कभी भी तेज हवा, आंधी में जमीदोज हो सकता है। जिससे कि जानमाल का नुकसान होने के कयास भी लगाए जा रहे है।



हालांकि स्कूल प्रभारी संतोष भल्लावी के द्वारा पूर्व में विभाग को क्षतिग्रस्त भवन को पूर्ण रुप से गिराए जाने का बावद पत्र लिख चुके हैं। ग्रामीणो ने उक्त क्षतिग्रस्त भवन को जमीदोज किए जाने की मांग संबंधित विभाग से की हैं।

---

### कल प्रतापगढ़ में राज्यपाल संविधान गौरव सम्मान में होंगे शामिल

# प्रियंक कानूनगो ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

◆ महामहिम राज्यपाल हितग्राहियों के आवासों का भ्रमण कर करेंगे संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र प्रतापगढ़ में कल महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल संविधान गौरव सम्मान कार्यक्रम में पधार रहे है। जिसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी हो गई है। गुरूवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने प्रतापगढ़ पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल 19 अप्रैल को जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम प्रतापगढ़ में आयोजित संविधान गौरव सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल 19 अप्रैल को प्रातः 10.50 बजे ग्राम प्रतापगढ़ पहुचेंगे और यहां प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे तक सकार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत ग्राम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के आवासों का भ्रमण कर संवाद करेंगे।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो द्वारा गुरूवार को प्रतापगढ़ का भ्रमण कर कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अंजू भदौरिया द्वारा उन्हें कार्यक्रम की तैयारियों से अवगत कराया। श्री कानूनगो द्वारा विश्राम गृह में पत्रकारों से राज्यपाल के आगमन तथा कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में चर्चा भी की गई।

---

# जमीन पर बैठकर कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**रायसेन।** जनजातीय समुदायों के समग्र विकास और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत गुरूवार को सांची जनपद की ग्राम पंचायत वनगवां के ग्राम रतनपुर में विशेष शिविर का आयोजन किया। शिविर में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद कर जाना कि उन्हें शासन की कौन-कौन सी योजनाओं का लाभ मिला है।




कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि शासन द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ग्रामीणों के पास पहुंचकर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ग्रामीणजन भी इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं। शिविर में अनेक विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा आवेदन लिए गए।